महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY
NAAC A++ Accredited; ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified

पत्रांकः एम.जे.पी.रू.वि. / कु.स.का. / 2026 / 731 — दिनांकः 01.04.2026

सेवा में,

1. समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष,
   विश्वविद्यालय परिसर
2. प्राचार्य / प्राचार्या,
   समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, एम0जे0पी0 रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

विषय : प्रदेश में युवाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिये "AI for All" के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–1, उ०प्र०शासन, लखनऊ के शासनादेश संख्या–476 / सत्तर–1–2026 दिनांक 31.03.2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्र के द्वारा युवाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से महाराणा प्रताप इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (MPIT), टाटा फाउंडेशन एवं महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रुप से आयोजित "AI for All" की सूचना देते हुये उक्त आयोजन में अधिक से अधिक युवाओं द्वारा प्रतिभाग किया जाये, इस हेतु विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में आयोजन के प्रचार एवं प्रसार की अपेक्षा की गयी है।

आयोजन में प्रतिभाग करने हेतु पंजीकरण 2 अप्रैल 2026 (दोपहर 12.00 बजे) से 9 अप्रैल 2026 (दोपहर 12. 00 बजे) तक होगा। प्रतिभागियों द्वारा पंजीकरणः 'https://iur.is/MPIT_AI' पर कराया जायेगा।

उक्त के सम्बन्ध में आपसे अनुरोध है कि उक्त पोर्टल / वेबसाइट के माध्यम से विश्वविद्यालय परिसर / महाविद्यालय में अध्ययनरत प्रत्येक छात्र–छात्राओं का **दिनांक 09 अप्रैल, 2026** तक नामांकन कराने का कष्ट करें। सुलभ संदर्भ हेतु शासनादेश पत्र के साथ संलग्न है।

संलग्नक : यथोक्त।

भवदीय,

01/4/26

कुलसचिव

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्रो. एस.एस.बेदी, समन्वयक (AI) विश्वविद्यालय परिसर
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली को इस आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों से उक्तानुसार पोर्टल पर अपने स्तर से नामाकंन कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
3. निजी सचिव कुलपति
4. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट।

सहा. कुलसचिव